राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य का भ्रमण किया किया

जयपुर, 7 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को अलवर जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य का भ्रमण किया और बाघ सहित अन्य वन्यजीवों को निहारा।

इस दौरान राज्यपाल श्री मिश्र ने अधिकारियों से बातचीत में वन्य जीव संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के लिए जनभागीदारी से और अधिक कार्य किए जाने की आवश्यकता जताई ।

## राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

राज्यपाल श्री मिश्र से उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, सांसद महंत बालक नाथ एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भंवर जितेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य जन ने यहाँ वन विभाग के विश्राम गृह में शिष्टाचार मुलाकात की।

---------